# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (25.11.2024)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 25.11.2024, PAGE-02

### महिला छात्रावासों की रिपेयरिंग के वाद शुरू होगी मेस की सुविधा

**नैक मूल्यांकन के लिए प्रशासनिक भवन भवन से लेकर पीजी विभागों में चल रहा निर्माण का कार्य**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावासों में रिपेयरिंग कार्य पूरा होने के बाद मेस की सुविधा शुरू होगी। छात्रावासों में छात्राओं के लिए मेस की सुविधा उपलब्ध कराए जाने को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से बातचीत हो चुकी है। इसी बीच छात्रावासों में रिपेयरिंग कार्य के लिए टेंडर जारी किया गया था। टेंडर खुलने के बाद छात्रावासों में रिपेयरिंग का कार्य होना है। छात्रावासों में जल्द से जल्द रिपेयरिंग का कार्य शुरू होना है। ऐसे में अगर विश्वविद्यालय में अभी मेस की सुविधा शुरू हो जाएगी और फिर रिपेयरिंग से संबंधित कार्य के लिए मेस को कहीं अन्यत्र शिफ्ट करना पड़ सकता है। इस परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय के स्तर से यह तय किया गया है कि रिपेयरिंग का कार्य पूरा होने के बाद ही मेस की सुविधा शुरू की जाएगी। डीएसडब्ल्यू डा.आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि महिला छात्रावासों में मेस का संचालन रिपेयरिंग का कार्य पूरा होने के बाद ही शुरू होगा।

### सांस्कृतिक महोत्सव में आन स्पाट भी होगा कालेजों का रजिस्ट्रेशन

**आज से पांच दिनों तक विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव, एक प्रतिभागी अधिकतम तीन प्रतियोगिता में ले सकेंगे हिस्सा**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत सोमवार से होगी। इसमें अनस्पाट भी कालेज से लेकर प्रतिभागी अपनी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। सीनेट हाल में अगले पांच दिनों तक कुल 28 विधाओं में कालेजों से लेकर पीजी विभागों के छात्र-छात्राएं अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का परिचय देंगे। एक प्रतिभागी अधिकतम तीन विधाओं में हिस्सा ले सकेंगे। साथ ही वोकेशनल के छात्र-छात्राएं भी इसमें शामिल हो सकेंगे। प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक टीम का गठन किया जाएगा। साहित्यिक, संगीत, नृत्य और रंगमंचीय विधाओं के तहत कुल 28 प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागियों की अधिकतम उम्र 25 वर्ष और स्नातक में नामांकन की तिथि से 1 जुलाई 2024 से सात वर्ष से अधिक नहीं हुआ हो। अगर स्नातक या पीजी स्तर पर कोई परीक्षा होने वाली है तो वैसे छात्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रतियोगिता में शामिल नहीं हों। विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों और पीजी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किया गया है। प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक टीम का गठन होगा। यह टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2024-25 में हिस्सा लेगी। इसका आयोजन पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में आठ से 12 जनवरी तक होगी। संगीत की सभी विधाएं सीनेट हाल 25 नवंबर को होंगी। वहीं, इसके बाद 26 नवंबर को नृत्य की प्रतियोगिता होगी। ललित कला का आयोजन 27 नवंबर, रंगमंचीय आयोजन 28 नवंबर और साहित्यिक आयोजन 29 नवंबर को होगा। विश्वविद्यालय टीम के गठन के बाद 25 दिनों का कैंप लगेगा। 10 दिसंबर से चार जनवरी तक लगने वाले इस विशेष कैंप में प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

**क्विज के लिए पहले होगी लिखित प्रतियोगिता :** विश्वविद्यालय क्विज टीम के चयन के लिए पहले प्रतिभागियों के बीच लिखित प्रतियोगिता होगी। इसके अंकों के आधार पर तीन-तीन सदस्यों का ग्रुप बनाया जाएगा। अधिकतम पांच से सात ग्रुप बनेंगे। इसके बाद ओरल राउंड की प्रतियोगिता होगी। क्विज में कुल सात राउंड में सवाल पूछे जाएंगे। इसमें इतिहास, राजनीति, स्पोर्ट्स, करेंट अफेयर्स समेत अन्य विषयों से सवाल होंगे। रैपिड फायर राउंड भी होगा। आडियो विजुअल राउंड भी होगा। क्विज का आयोजन सबसे आखिरी दिन होना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 25.11.2024, PAGE-05**

# विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावास में शुरू होगा मेस

## रिपेयरिंग कार्य पूरा होने के बाद शुरू करने की तैयारी

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावासों में मेस की सुविधा शुरू होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी की जा रही है। छात्रावासों में रिपेयरिंग कार्य पूरा होने के बाद मेस संचालित किया जाएगा। छात्रावासों में रिपेयरिंग कार्य के लिए टेंडर जारी किया गया था। विश्वविद्यालय से वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद छात्रावासों में रिपेयरिंग का कार्य होना है। बताया जा रहा है कि जल्द ही रिपेयरिंग का कार्य शुरू होना है। इससे पहले छात्राओं के रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की जानी है। ऐसे में अगर विश्वविद्यालय में अभी मेस की सुविधा शुरू हो जाएगी, तो रिपेयरिंग संबंधी कार्य के लिए मेस को कहीं अन्यत्र शिफ्ट करना पड़ सकता है। ऐसे में इस परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय के स्तर से यह तय किया गया है कि रिपेयरिंग का कार्य पूरा होने के बाद ही मेस की सुविधा शुरू की जाएगी। डीएसडब्ल्यू डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि महिला छात्रावासों में मेस का संचालन रिपेयरिंग कार्य पूरा होने के बाद ही शुरू होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 25.11.2024, PAGE-05**

बीआरएबीयू • साहित्यिक, संगीत, नृत्य व रंगमंचीय विधाओं में 29 तक होंगे इवेंट्स

## विवि में 5 दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव आज से, 28 विधाओं में होगा कंपीटिशन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 5 दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत सोमवार को हागी। इसमें साहित्यिक, संगीत, नृत्य और रंगमंचीय विधाओं के तहत कुल 28 प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक टीम का गठन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2024-25 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में 8 से 12 जनवरी तक होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की टीम तैयार की जा रही है। 25 से 29 नवंबर तक विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में ही अलग-अलग तिथियों में सभी विधाओं की प्रतियोगिता होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों और पीजी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किया गया है। पहले दिन 25 नवंबर को सीनेट हॉल में संगीत की सभी विधाओं की प्रतियोगिता होगी। इसके बाद 26 नवंबर को दूसरे दिन नृत्य की प्रतियोगिता, 27 नवंबर को ललित कला, 28 नवंबर को रंगमंचीय आयोजन और 29 नवंबर को सबसे अंतिम दिन साहित्यिक आयोजन होगा। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. इंदुधर झा ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गई है। कॉलेजों को कहा गया है कि इंटर के छात्र प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे।

### पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे चयनित प्रतिभागी



### नवंबर के अंत तक प्रतिभागियों का चयन कर 25 दिन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

नवंबर के अंत तक सभी विधाओं के लिए प्रतिभागियों का चयन कर लिया जाएगा। विश्वविद्यालय टीम के गठन के बाद 25 दिनों का कैंप लगेगा। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। यदि स्नातक या पीजी स्तर पर कोई परीक्षा होने वाली है, तो वैसे छात्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रतियोगिता में शामिल नहीं हों। प्रतिभागियों की अधिकतम उम्र 25 वर्ष और स्नातक में नामांकन की तिथि 1 जुलाई 2024 को सात वर्ष से अधिक नहीं हो। एक प्रतिभागी अधिकतम तीन प्रतियोगिताओं में ही हिस्सा ले सकता है। बताया गया कि तीन विधाओं में हिस्सा लेने के लिए अलग-अलग फॉर्म की जरूरत नहीं है।

### इन विधाओं में होगी प्रतियोगिता

**साहित्यिक** - क्विज, एलाक्युशन, डिबेट
**ललित कला** - आन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, इंस्टॉलेशन, मेंहदी, रंगोली
**संगीत** - क्लासिकल वोकल सोलो, सेमी क्लासिकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नन परकशन), लाइट वोकल, वेस्टर्न वोकल, ग्रुप सांग इंडियन, ग्रुप सांग वेस्टर्न, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल एंड फोक आर्केस्ट्रा
**नृत्य** - ट्राइबल ग्रुप डांस और क्लासिकल डांस
**रंगमंचीय विधाएं** - वन एक्ट प्ले, स्किट, माइम एंड मिमिक्री।

## फर्स्ट सेमेस्टर का कल तक भरा जाएगा यूजी परीक्षा फॉर्म

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में स्नातक सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म 26 नवंबर तक भरा जाएगा। अब तक बचे छात्र-छात्राओं को 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ दो दिनों में परीक्षा फॉर्म भर लेना है। विश्वविद्यालय की फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा अगले महीने कराने की योजना है। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस सत्र में सर्वाधिक 1.59 लाख छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है। नवंबर में फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा होनी थी, लेकिन इस महीने इंटरनल एक्जाम कराए गए। इसके साथ ही 16 नवंबर से परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। 23 नवंबर तक बगैर विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरवाया गया है। 24 से 26 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भरने पर 200 रुपए विलंब शुल्क लगेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने जारी निर्देश में कहा है कि सभी कॉलेजों के प्राचार्य 29 नवंबर तक परीक्षा शुल्क व फॉर्म विश्वविद्यालय के संबंधित शाखा में जमा करा दें। बता दें कि छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा केंद्रों की संख्या भी इस बार बढ़ेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 25.11.2024, PAGE-04**

## नैक मूल्यांकन के लिए बीआरएबीयू की पहल, कमेटियां गठित

# विवि में बनेगा इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर शोधार्थियों को मिलेंगी सुविधाएं

- पीजी भौतिकी विभाग का किया चयन, बाद में डेडिकेटेड भवन भी बनेगा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में रिसर्च व प्रायोगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा. इसके लिए विवि में इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर स्थापित होगा. साइंस संकाय के सभी विभागों के लिए यहां उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे. सेंटर की स्थापना के लिए तैयारी शुरू हो गयी है. कुलपति के आदेश पर कमेटी का गठन कर आगे की कार्यवाही शुरू हो गयी है.

इस सेंटर में सभी विभागों के शिक्षक व रिसर्च स्कॉलर शोध कर सकेंगे. यहां सैंपल की टेस्टिंग भी की जाएगी. रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इसपर सहमति बनी है. इसके लिए पीजी भौतिकी विभाग का चयन किया गया है. बाद में इसके लिए डेडिकेटेड भवन के निर्माण की बात कही गयी है. इसमें टेक्निशियन की भी व्यवस्था की जाएगी.

सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए बनी कमेटी में भौतिकी विभाग की प्रो संगीता सिन्हा की मुख्य भूमिका होगी. वहीं, कमेटी में साइंस फैकल्टी के सभी विभागाध्यक्षों को शामिल किया गया है. इसके अतिरिक्त मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो रजनीश गुप्ता, पीजी इतिहास विभाग के डॉ गौतम चंद्रा, पीजी रसायनशास्त्र के डॉ राजेश कुमार व अंग्रेजी विभाग की डॉ विनम्रता को भी जगह दी गयी है.

**इंक्यूवेशन व इनोवेशन-बिजनेस लैब भी विकसित होगी:** विवि में इंक्यूवेशन व इनोवेशन-बिजनेस लैब का गठन किया जाएगा. कुलसचिव ने इसकी अधिसूचना जारी की है. इस लैब के लिए गठित कमेटी में डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह, डॉ जितेशपति त्रिपाठी, डॉ अभय नंदा श्रीवास्तव, डॉ चौधरी साकेत कुमार, डॉ अनीता, रशियन विभाग की डॉ सुषमा, डॉ शिवेश, डॉ निवेदिता को शामिल किया गया है. वहीं ऑडियो विजुअल, थियेटर व लेक्चर कैप्चरिंग सिस्टम भी विकसित होगा. इसमें डॉ अमर बहादुर शुक्ला, डॉ राजेश्वर, डॉ पयोली, डॉ प्रवेश पाठक को शामिल किया गया है. एनिमल हाउस के लिए डॉ विपुल वैभव, डॉ बृजकिशोर सिंह व डॉ जयनाथ, म्यूजियम सेल के लिए प्रो राजेश्वर सिंह, प्रो प्रदीप चौधरी, डॉ गौतम चंद्रा, डॉ देवेंद्र प्रताप तिवारी व डॉ मनीष झा को शामिल किया गया है. बैटरी ऑपरेटेड गोल्फ के लिए बनी कमेटी में प्रॉक्टर प्रो बीएस राय, डीओ डॉ रमेश विश्वकर्मा व डॉ प्रवेश पाठक, क्रेच के लिए गठित कमेटी में डॉ अनुपम, डॉ कादंबनी, डॉ तूलिका सिंह व डॉ रेखा सिंह को रखा गया है. वहीं विवि के हेल्थ सेंटर में एलुमनाइ एसोसिएशन, डॉ अंकिता सिंह व डॉ अंजलि चंद्रा को शामिल किया गया है.

- खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

## टीम वर्क के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए छात्र

**मुजफ्फरपुर.** बिहार विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में टीम वर्क एंड कोलैबोरेशन विषय पर कार्यशाला हुई. संचालन ट्रांस यूनियन कंपनी बेंगलुरु के एचआर बिजनेस पार्टनर आकांक्षा भारद्वाज ने किया. उन्होंने ऑडियो विजुअल माध्यम से टीम वर्क का मतलब, उसके विभिन्न पहलुओं व उसकी महत्ता के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया. उन्होंने छात्रों को कई ग्रुपों में बांटकर उन्हें कुछ टास्क दिए. छात्र काफी उत्साहित थे और उन लोगों ने ग्रुप टास्क करने के बाद एक टीम के रूप में काम करने के अनुभवों को साझा किया. कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो रंजना के स्वागत भाषण से हुई और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीति किरण ने किया. इस मौके पर प्रो नीलम, प्रो गौरव पांडेय, डॉ कादंबिनी व डॉ रितिका मौजूद थीं.



विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में हुई कार्यशाला में मौजूद वक्ता